# SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA
**Hindi 2nd Language Worksheet 2026-27**

Name :-  Std.:- IV -
Roll No. :-  Worksheet No.PA1  Date :-

पाठ – १-नया उजियारा, २-सिक्के का भभूत, व्याकरण- १-भाषा और व्याकरण, २-वर्ण विचार, ३-शब्द, २१- अपठित गद्यांश

## अपठित गद्यांश

रवि एक मेहनती लड़का था।वह रोज सुबह जल्दी उठता था। उठकर सबसे पहले वह अपने माता- पिता को प्रणाम करता था।इसके बाद वह अपना होमवर्क पूरा करता और समय पर स्कूल जाता था। स्कूल में रवि ध्यान से पढ़ाई करता था और अपने शिक्षकों की बात मानता था।वह अपने दोस्तों की भी मदद करता था।इसलिए सभी शिक्षक और बच्चे उसे बहुत पसंद करते थे। एक दिन स्कूल में पुरस्कार वितरण हुआ।मेहनत और अच्छे व्यवहार के कारण रवि को पुरस्कार मिला।रवि बहुत खुश हुआ और उसने और मेहनत करने का निश्चय किया।

**प्रश्न १ - गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) रवि कैसा लड़का था?

उत्तर : रवि एक मेहनती लड़का था।

(ख) रवि को पुरस्कार क्यों मिला?

उत्तर: मेहनत और अच्छे व्यवहार के कारण रवि को पुरस्कार मिला।

**प्रश्न २ - विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए।**

१) रात - दिन

२) शाम - सुबह

३) एक - अनेक

**प्रश्न ३ - वर्णविच्छेद कीजिए**

१) पुरस्कार - प् + उ + र् + अ + स् + क् + आ + र् + अ

**प्रश्न ४ - शब्दार्थ लिखिए**

१) भभूत - राख
२) चालाकी - धूर्तता
३) चेतावनी - सावधान करना
४) उजियारा - उजाला
५) नत - झुकना
६) प्राणी - मनुष्य

**प्रश्न ५ - प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखें।**

१) कौन अपना कण- कण महकाएगी ? धरती

२) किसकी ठगी बढ़ती जा रही थी? कल्लू लोमड़

३) कैसा उजियारा लाने के लिए कहा जा रहा है? नया

४) कल्लू की चालाकी को कौन समझ गया था ? मिट्ठू तोता

५) चौपाल में किस बात पर चर्चा हो रही थी ? महँगाई

प्रश्न ६ - रिक्त स्थान भरिए।

१) बिल्ली का नाम ___पूसी___ था।

२) चौपाल में ___महँगाई___ पर चर्चा हो रही थी।

३) प्राणी ___सोना___ उगलेगा।

४) वसुधा ___आँचल___ लहराएगी।

प्रश्न ७ - वाक्यों को पढ़कर सही (√) या गलत (×) का निशान लगाइए।

१) कल्लू लोमड़ ने २० पैसे का सिक्का निकाला। [✓]

२) धरती को जीवन दाता कहा गया है। [✓]

३) नदी हमारा भरण-पोषण करती है। [X]

४) चौपाल में ठगी पर चर्चा हो रही थी। [X]

## व्याकरण

प्रश्न ८ -रिक्त स्थान भरिए

१) वर्णों के क्रमबद्ध समूह को ___वर्णमाला___ कहते है।

२) भाषा की सबसे छोटी इकाई ___वर्ण___ है।

३) हिंदी हमारी ___राजभाषा___ भाषा है।

४) शब्द ___दो___ प्रकार के होते हैं।

प्रश्न ९ - मात्रा से बने दो-दो शब्द बनाइए।

१) रेफ़ - सर्प कर्म

३) आ - कान नाम

२) आगत स्वर - बॉल मॉल

४) चंद्रबिंदु - काँच चाँद

श्न १० - नीचे दिए गए निरर्थक शब्दों से सार्थक शब्द बनाइए।

१) चा ब गी - ___बगीचा___

३) याड़ि चि - ___चिड़िया___

२) ल बा द - ___बादल___

४) शु प - ___पशु___

प्रश्न ११ - जोड़े बनाइए।

| | |
|---|---|
| १) जर्मनी। | क) गुजराती |
| २) अंग्रेजी | ख) पंजाबी |
| ३) पत्र लेखन | ग) देवनागरी |
| ४) गुजरात | घ) जर्मन |
| ५) संस्कृत | ड़) रोमन |
| ६) पंजाब | च) लिखित |

➤ १) घ २) ड़ ३) च ४) क ५) ग ६) ख

प्रश्न १२ - शब्दों को अंकों में लिखिए।

१) अठारह - ___१८___

२) दस - ___१०___

३) पाँच - ___५___

४) चौदह - ___१४___

प्रश्न १३ - अंकों को शब्दों में लिखिए।

१) ९ - ___नौ___

२) १६ - ___सोलह___

३) ११ - ___ग्यारह___

४) २० - ___बीस___